प्रेस नोट दिनांक 01.09.2023

इटावा पुलिस साइबर सेल द्वारा साइबर फ्रॉड यूपीआई के माध्यम से निकाले गये पीड़ित के 7,500/– रुपयों पर त्वरित कार्यवाही करते हुए 7,500/– रुपये शतप्रतिशत वापस कराये गये।

जनपद इटावा में साइबर फ्रॉड की रोकथाम के संबंध में कार्यवाही करने हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा श्री संजय कुमार वर्मा द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक अपराध तथा क्षेत्राधिकारी अपराध के मार्गदर्शन में साइबर सेल इटावा द्वारा साइबर फ्रॉड यूपीआई के माध्यम से निकाले गये पीडित के 7,500/– रुपयें पर त्वरित कार्यवाही करते हुए 7,500/– रुपये शतप्रतिशत वापस कराये गये।

घटना का संक्षिप्त विवरण–

प्रार्थी जगदीश बाबू दुबे पुत्र रामकरन दुबे, निवासी–जैतपुरा, थाना–लवेदी, जनपद इटावा द्वारा अपने साथ दिनांक 12.07.2023 को स्वयं के खाते से किसी अंजान व्यक्ति द्वारा साइबर फ्रॉड यूपीआई के जरिये 7,500/– रुपये निकाल लेने के संबंध में पीड़ित द्वारा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा को शिकायती प्रार्थना पत्र दिया गया था। जिस पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा महोदय द्वारा साइबर सैल इटावा को घटना का संज्ञान लेते हुए आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया।

अपर पुलिस अधीक्षक (अपराध) एवं क्षेत्राधिकारी अपराध के कुशल मार्गदर्शन में साइबर सेल द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुए विभिन्न माध्यमों से साक्ष्य संकलन किये गये एवं बैंक अधिकारी/पेमेन्ट गेटवे के नोडल अधिकारी इत्यादि से वार्ता कर प्रार्थी के रूपये वापस करने का प्रयास किया गया जिसमें सफलता प्राप्त करते हुए दिनांक 01.09.2023 को पीड़ित के 7,500/– रुपये वापस कराये गये है। अपने रूपये वापस पाकर पीडित द्वारा प्रसन्नता जाहिर करते हुए साइबर सेल टीम व इटावा पुलिस की प्रशंसा की गई तथा साइबर सेल टीम का विशेष धन्यवाद ज्ञापित किया गया ।

क्र.सं0	नाम वादी	फ्रॉड की गयी धनराशि	वापस करायी गयी धनराशि
01.	जगदीश बाबू दुबे	**7,500/-**	**7,500/-**

साइबर सेल टीम– निरी0 श्री रणबहादुर सिंह प्रभारी साइबर सैल, क0ऑ0 अभय यादव, का0 बृजेश कुमार गोला, का0 आदित्य देओल, का0 उपेंद्र चौहान, का0 दीपक कुमार मय टीम।

सोशल मीडिया सैल
वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक
इटावा ।